अध्ययन दलों के सदस्यों की कुल संख्या क्या है और उनमें से कितने कांग्रेस दल के हैं और कितने विरोधी दलों के हैं और कितने गैर-राजनीतिज्ञ हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : सभी अध्ययन दलों व कार्यकारी समूहों आदि के कुल 230 सदस्य हैं जिनमें से 37 कांग्रेस व 11 अन्य पार्टियों से संबंधित है । गैर-राजनीतिक सदस्यों की संख्या 182 है ।

SETTING UP OF SPECIAL COURTS IN DELHI POLICE LINES

4758. SHRI BENI SHANKER SHARMA :
SHRI D. C. SHARMA :

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether the Delhi Bar Association has demanded the setting up of five special courts in New Police lines to try the policemen suspended during the police agitation in April last year;

(b) whether they have also demanded early separation of judiciary and the executive in Delhi; and

(c) if so, the reaction of Government to the above demands and the action taken in the matter ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : (a) No, Sir.

(b) Yes, Sir.

(c) A proposal to undertake Parliamentary legislation to provide for the separation of judiciary from executive in Union Territory is under examination.

भाषा सम्बन्धी विवाद में सी० आई० ए० का कथित योगदान

4760. श्री निहाल सिंह : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में भाषा-आन्दोलनों में सी० आई० ए० का हाथ है;

(ख) क्या यह भी सच है कि भाषा आन्दोलन राष्ट्रीय भारतीय विश्वविद्यालय छात्र परिषद् द्वारा आरम्भ किया जा रहा है जिससे अमरीकी शासित संगठन अन्तर्राष्ट्रीय छात्र सम्मेलन से वित्तीय सहायता मिलती है (जैसा कि 2 दिसम्बर, 1967 के "ब्लिटज" में प्रकाशित हुआ था); और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) सरकार के पास कोई सूचना नहीं है कि भाषा आन्दोलन में सी० आई० ए० का हाथ था ।

(ख) जहां तक सरकार को जानकारी है राष्ट्रीय भारतीय विश्वविद्यालय छात्र परिषद ने हाल के भाषा-आन्दोलन में कोई भाग नहीं लिया था ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

जर्मन लोकतंत्रीय गणराज्य में भारतीय छात्र

4761. श्री शशि भूषण बाजपेयी : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जर्मन लोकतंत्रीय गणराज्य में कितने भारतीय छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं;

(ख) उनमें से कितने छात्र तकनीकी तथा कितने गैर-तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं; और

(ग) भारत में सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्र के अब तक कितने इंजीनियर वहां उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये गये हैं ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) 1-1-1967 को जर्मन गणतंत्र में पंद्रह छात्र शिक्षा-प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे ।

(ख) वे सभी तकनीकी क्षेत्रों में थे ।

(ग) सूचना उपलब्ध नहीं है ।